विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (CWSN) से संबंधित जानकारी –

1. **पाठ्यपुस्तकों में –**

   (अ) कक्षा तीसरी से आठवीं तक की सभी पाठ्यपुस्तकों में अंतिम दो पृष्ठों पर निम्नलिखित जानकारियों में से किसी एक जानकारी का समावेश किया गया है –

   - ❖ आपके विकलांग साथी
   - ❖ सांकेतिक भाषा एक सामान्य परिचय
   - ❖ ब्रेल लिपि एक सामान्य परिचय
   - ❖ यदि आपके परिवार में कोई शारीरिक रूप से विकलांग बच्चा है तो – इसके अंतर्गत दिव्यांगों हेतु आवश्यक उपकरणों की जानकारियों का समावेश किया गया है।

   (ब) कक्षा पाँचवीं के विषय पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तक में पाठ बीस ''विकलांगता अभिशाप'' में है। इस पाठ में लुई ब्रेल एवं ब्रेल लिपि से संबंधित जानकारियों का समावेश किया गया है।

   कक्षा आठवीं के विषय पर्यावरण अध्ययन की पाठ्यपुस्तक में पाठ तीन ''साहस के पैर'' में है। इस पाठ में अस्थि बाधित दिव्यांगों की आवश्यकताओं से संबंधित जानकारियों का समावेश किया गया है।

2. **प्रशिक्षण में** – एस.सी.ई.आर.टी. द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा के अंतर्गत किए जाने वाले प्रशिक्षणों में शिक्षक प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्य सतत् रूप से किया जाता है। अतः निम्नलिखित प्रशिक्षण संदर्शिकाओं का निर्माण किया गया है।

   - ❖ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा हेतु शिक्षक प्रशिक्षण संदर्शिका
   - ❖ नेत्रबाधित बच्चों की शिक्षा हेतु ब्रेल लिपि प्रशिक्षण संदर्शिका
   - ❖ मुकबधिर बच्चों की शिक्षा हेतु सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण संदर्शिका?

3. कक्षा पहली से आठवीं तक समस्त विषयों की पाठ्यपुस्तकों का ब्रेल लिपि में अनुवाद कार्य ब्रेल प्रेस, तिफरा, बिलासपुर द्वारा किया जाता है। ताकि नेत्रबाधित बच्चों एवं शिक्षकों के लिए पाठ्यपुस्तकों की सुगमता सुनिश्चित की जा सकें।